# स्टाइपेंड नहीं बढ़ा तो ठप हो सकती हैं ओपीडी सेवा

## एमबीबीएस इंटर्न के साथ आये जूडा और मेडिकल टीचर्स



नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 1 अगस्त.प्रदेश में इंटर्न डॉक्टरों के स्टाइपेंड में बढ़ोतरी की मांग तेज होती जा रहा है. इंटर्न डॉक्टर अपनी मांगों को लेकर लगातार डटे हुए हैं. वर्तमान में इंटर्न डॉक्टरों को प्रतिमाह केवल 14 हजार 337 रुपये स्टाइपेंड दिया जा रहा है, जिसे बढ़ाकर 30 हजार रुपये करने की मांग की जा रही है.**

शनिवार को लंबे समय से चल रहे इस आंदोलन को अब जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन (जूडा) और प्रोग्रेसिव मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन (पीएमटीए) भी उनके समर्थन भी मिल गया. जिसके बाद दोनों चिकित्सा संगठनों ने इंटर्न की मांग को जायज ठहराते हुए राज्य सरकार से इस दिशा में जल्द से जल्द सकारात्मक और लिखित निर्णय लेने की मांग की है.

वहीं इंटर्न के संगठन 'वॉइस ऑफ इंटर्स' का कहना है कि प्रशासन के साथ बातचीत जारी रहने के बावजूद अभी तक कोई लिखित और ठोस फैसला सामने नहीं आया है.

> इस कारण कार्य बहिष्कार आगे भी जारी रहेगा.साथ ही जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन ने भी चेतावनी दी है कि यदि सोमवार तक सरकार की ओर से कोई सकारात्मक निर्णय नहीं आता है, तो जूडा भी आंदोलन में पूरी तरह शामिल होगा और राज्यभर के अस्पतालों में ओपीडी सेवाएं बंद करने पर विचार किया जाएगा.हालांकि, इस दौरान आपातकालीन सेवाएं यथावत जारी रखी जाएंगी.

# आध्यात्म से समस्याओं का समाधान संभव

## रामकथा में दीदी मंदाकिनी ने कहा



नवभारत न्यूज

**भोपाल, 1 अगस्त. तुलसी मानस प्रतिष्ठान के प्रतिष्ठा आयोजन तुलसी जयंती समारोह के अंतर्गत पहले दिन दीदी मंदाकिनी श्रीरामकिंकर ने कहा कि अध्यात्म की शिक्षा से ही समस्याओं का समाधान होता है.**

वर्तमान युवा पीढ़ी के संबंध में आपने कहा कि देश में 65 प्रतिशत से अधिक युवा पीढ़ी है. यदि इनके शिक्षा पाठ्यक्रम में अध्यात्म शिक्षा को जोड़ दिया जाए तो युवा वर्ग में न केवल हताशा और कुंठा समाप्त होगी बल्कि अवसाद भी नहीं होगा. मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल कप्तानसिंह सोलंकी ने दीप प्रज्वलन किया.सोलंकी ने कहा कि श्रीरामकथा से जो शिक्षा मिलती है,उसे व्यवहार में उतारने की आवश्कता है. यह बुद्धि में आएगी तभी हमारे कर्म में इसका प्रभाव दिखाई देगा. सुरेश जैन, एवं विमला जैन ने भारतीय संस्कृति के प्राचीनतम ग्रंथों को भेंट किया. इस अवसर पर श्रीमती शकुंतला शर्मा स्मृति पुरस्कार 2025-2026 के अंतर्गत इषुभ मालवीय, नर्मदापुरम को पुरस्कार राशि11हजार रुपए, स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र दीदी मंदाकिनी श्रीरामकिंकर एवं मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान किया गया. इस अवसर पर रघुनंदन शर्मा, राजेंद्र शर्मा, प्रभुदयाल मिश्र, अरुण गुप्ता, श्रद्धा गुप्ता, गोपाल सिंह राजपूत, प्रहलाददास मंगल, बी.के.सांघी, सत्येन्द्र भूषण सिंह,सुशीला शुक्ला, जानकी शुक्ला, शारदा राठौर एवं अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र रावत ने किया. आभार माघवसिंह दांगी ने माना.

# मुख्यमंत्री आज सांदीपनि स्कूल भवन का लोकार्पण करेंगे



नवभारत न्यूज

**बैरसिया, 1 अगस्त.बैरसिया क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए सर्व सुविधायुक्त आधुनिक स्कूल भवन की बड़ी सौगात मिलने जा रही है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को दोपहर 2 बजे नवनिर्मित सांदीपनि ठाकुर लाल सिंह स्कूल भवन का लोकार्पण करेंगे.**

जिला शिक्षा अधिकारी अविनव आर्य के मुताबिक यह विद्यालय भविष्य में प्रदेश के अन्य सांदीपनि स्कूलों के लिए भी मॉडल साबित होगा. लोकार्पण कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक विष्णु खत्री, भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रहेगी. मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन और भाजपा संगठन ने सुरक्षा, यातायात एवं अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया है. विधायक विष्णु खत्री ने क्षेत्र के नागरिकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल हों.

# दो बच्चियों को जंगल में छोड़कर भागे अपहरणकर्ता

- **आरोपी कटारा हिल्स से दो बच्चियों को उठा ले गए**
- **चरवाहे की नजर पड़ते ही लड़कियों ने मचाया शोर**

**पुलिस कर रही फुटेज और साक्ष्यों के आधार पर जांच**

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 1 अगस्त.कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित विवेकानंद कॉलोनी में दो नाबालिग बच्चियों को जबरन उठाकर ले जाने और उनके साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है. घटना के बाद पुलिस ने इलाके में कई घंटों तक सर्चिंग अभियान चलाया. हालांकि, अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है.**

जानकारी के मुताबिक, 12 वर्षीय दो बच्चियां स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम की डांस रिहर्सल के बाद कॉलोनी की पार्किंग के पास खेल रही थीं. इसी दौरान तीन नकाबपोश युवक और एक महिला के वहां पहुंचने तथा दोनों बच्चियों को जबरन अपने साथ कॉलोनी के पीछे स्थित जंगल की ओर ले जाने का आरोप है. बताया जा रहा है कि जंगल में बच्चियों के साथ मारपीट की गई. इसी बीच पास में मौजूद एक चरवाहे की नजर उन लोगों पर पड़ गई. चरवाहे के शोर मचाने और उनकी ओर बढ़ने पर आरोपी बच्चियों को छोड़कर जंगल की ओर फरार हो गए. इसके बाद बच्चियां सुरक्षित अपने परिजनों के पास पहुंच गईं. घटना की सूचना मिलने पर कटारा हिल्स पुलिस मौके पर पहुंची और करीब तीन घंटे तक जंगल तथा आसपास के क्षेत्रों में सर्चिंग अभियान चलाया. पुलिस ने कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले हैं, जिनमें कुछ संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने की बात सामने आई है. पुलिस इन्हीं फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है. कटारा हिल्स थाना प्रभारी सुनील दुबे ने बताया कि दोनों बच्चियां सुरक्षित हैं. उन्होंने कहा कि परिजनों ने फिलहाल लिखित शिकायत या एफआईआर दर्ज कराने से इनकार किया है.

# टीवी का चैनल बदलने पर पत्नी ने पति पर हंसिए से किया हमला

**भोपाल.** छोला मंदिर थाना क्षेत्र में टीवी का चैनल बदलने की बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि पत्नी ने हंसिए से पति पर हमला कर दिया.पुलिस के अनुसार नगर निगम कॉलोनी निवासी राकेश अहिरवार (32) ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी शादी राममनी अहिरवार से हुई थी और दोनों पिछले कुछ वर्षों से भोपाल में रह रहे हैं. शिकायत के मुताबिक, शुक्रवार रात करीब 10:30 बजे वह हल्का नशा कर घर पहुंचा और खाना खाते हुए टीवी देख रहा था. इसी दौरान गलती से रिमोट का बटन दबने से चैनल बदल गया. इस बात को लेकर पत्नी ने उसे टोका और दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई. पत्नी ने हंसिए से उसके सिर और गाल के पास वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया.

# प्रेमचंद की 'शराब की दुकान' कहानी पर एकल नाट्य मंचन




निज संवाददाता

**भोपाल,1 अगस्त. वरिष्ठ रंगकर्मी और फिल्म मेकर भानु प्रकाश तिवारी ने मुंशी प्रेमचंद की प्रसिद्ध कहानी 'शराब की दुकान' पर आधारित एकल नाट्य प्रस्तुति का मंचन किया.**

उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन के दौर की उस सामाजिक स्थिति को दर्शाया,जब महात्मा गांधी के आह्वान पर महिलाओं ने शराबबंदी के लिए अहम भूमिका निभाई थी. प्रस्तुति में दिखाया गया कि किस तरह महिलाओं को शराब की दुकानों के सामने शांतिपूर्ण विरोध की जिम्मेदारी दी गई थी और उन्होंने समाज में बदलाव के लिए आगे आकर संघर्ष किया.नाटक के जरिए नशे के दुष्परिणाम और उसके परिवार व समाज पर पड़ने वाले असर को सरल तरीके से सामने रखा गया.

दर्शकों ने अभिनय, संवाद और विषय चयन की सराहना की. कार्यक्रम के दौरान सामाजिक जागरूकता से जुड़े ऐसे प्रयासों को जरूरी बताया गया. अंत में भानु प्रकाश तिवारी द्वारा तैयार की जा रही शॉर्ट फिल्मों की झलक भी दिखाई गई.

# 5 से 8 तक भोपाल में होगा ब्रिक्स सांस्कृतिक सम्मेलन

**संभागायुक्त ने की तैयारियों की समीक्षा**

सिटी रिपोर्टर

**भोपाल, 1 अगस्त. भोपाल में 5 से 8 अगस्त तक प्रतिष्ठित ब्रिक्स सांस्कृतिक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा. सम्मेलन में ब्रिक्स देशों के संस्कृति मंत्री, प्रतिनिधि और कलाकार दलों के सदस्य शामिल होंगे. आयोजन को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं.**

संभाग आयुक्त कर्मवीर शर्मा ने शनिवार को सम्मेलन से जुड़े विभिन्न आयोजन स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अतिथियों की सुविधा और आयोजन की बेहतर व्यवस्थाओं के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. संभागायुक्त ने विमानतल पर अतिथियों के आगमन, स्वागत और परिवहन व्यवस्था का निरीक्षण किया. इसके बाद उन्होंने मुख्य आयोजन स्थल मिंटो हॉल पहुंचकर विभिन्न सत्रों के आयोजन, बैठक व्यवस्था और अन्य तैयारियों की जानकारी ली. उन्होंने रवीन्द्र भवन में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की. इसके अलावा मानव संग्रहालय में अतिथियों के प्रस्तावित भ्रमण को लेकर की गई तैयारियों का जायजा लिया. इस दौरान कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, अपर पुलिस आयुक्त मोनिका शुक्ला भी उपस्थित थीं.

# मूलचंद मनवानी को दी श्रद्धांजलि

संतनगर, प्रतिनिधि

**संतनगर, 1 अगस्त. साधु वासवानी एज्युकेशनल सोसायटी के पूर्व महासचिव स्वर्गीय मूलचंद मनवानी की 20वीं पुण्यतिथि पर महाविद्यालय परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई.**

कार्यक्रम की शुरुआत दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई. श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सोसायटी के अध्यक्ष दयालदास डेटानी, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. के. सिंह, डायरेक्टर डॉ. डी. के. दुबे, डॉ. सुमन मलिक तथा सभी विभागाध्यक्षों ने स्वर्गीय मूलचंद मनवानी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया और उनके योगदान को नमन किया.

अध्यक्ष दयालदास डेटानी ने कहा कि स्वर्गीय मूलचंद मनवानी ने महाविद्यालय की मजबूत नींव रखी और संस्थान की प्रगति के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया. उन्होंने कहा कि उनके कार्य और विचार आज भी सभी को प्रेरित करते हैं.

# योजनाओं का जनता को लाभ दिलाएं : संभागायुक्त



सिटी रिपोर्टर

**भोपाल, 1 अगस्त . संभागायुक्त एवं भोपाल विकास प्राधिकरण (बीडीए) के अध्यक्ष , संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं का लाभ जनता को पूरी तरह दिलाना सुनिश्चित करें.**

उन्होंने विकास कार्यों में तेजी लाने के साथ योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए. प्राधिकरण सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में संभागायुक्त शर्मा ने बीडीए की वर्तमान में संचालित योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली. उन्होंने कहा कि प्राधिकरण की सभी विक्रय योग्य संपत्तियों की बिक्री के लिए विशेष आवासीय मेले का आयोजन किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोगों को आवासीय संपत्तियां उपलब्ध हो सकें और प्राधिकरण की संपत्तियों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित हो.

बैठक में अधिकारियों को लंबित कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने और योजनाओं से संबंधित प्रक्रियाओं में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए. बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्याम वीर सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे.


## नाम परिवर्तन

मैं मुफ्ती इनाम उर रहमान खान कासमी आत्मज मुफ्ती रईस अहमद खान कासमी, निवासी- म.नं. 1149, बाग मुफ्ती सहाब शाहजहांनाबाद भोपाल म.प्र. सूचित करता हूं कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम Mufti Inam UR Rahman Khan Qasmi Khan दर्ज है जबकि मेरा सही नाम Mufti Inam UR Rahman Khan Qasmi है. भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए. पासपोर्ट में इसी नाम को दर्ज किया जाए.



**Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking)
1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No.1, Telibandha, Raipur(C.G.) – 492006
CIN : U45203CT1981SG001853, PAN : AABCM6288N, GST Regn No22AABCM6288N5ZY,Phone : 0771-6621000 Fax : 0771-2583794
Website : www.csidc.in, Email address:csidc.cg@gov.nic.in,csidc_raipur@yahoo.com

**REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)**
(Through e-Procurement Portal Only)

**CSIDC/I.A. CHHATI /RFP/04/2026** **Raipur, Dated 31/07/2026**

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation (CSIDC) a Government of Chhattisgarh Undertaking constituted under the Companies Act, 1956 engaged in Industrial Infrastructure Development & Other Related Activities in the State envisages to develop " **Industrial Area**" at Chhati, Dhamtari, Chhattisgarh.

"Request for Proposal" (RFP) is for planning designing, financing, construction. development, marketing, operation & maintenance of proposed **DEVELOPMENT OF INDUSTRIAL AREA UNDER PUBLIC PRIVATE PARTNERSHIP (PPP) MODE IN DBFOT MODEL AT CHHATI, DHAMTARI, CHHATTISGARH** on leasehold as is where is basis.

| Land | Area of land (in Acre/SQM) | Proposed Project |
|---|---|---|
| Chhati, Dhamtari | 40 Acres (approx.) (Leasehold on as is where is basis) | Development of Industrial Area |

The RFP document containing detailed terms & condition, scope of work and other details is available for download from the web portal (website) https://eproc.cgstate.gov.in and shall be submitted online only Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.
**NOTE:** The interested tenders for online submission of tender may contact CG e-Proc Helpdesk, Operated by Mjunction Servies Limited. they may reach Helpdesk using 18004199140 (from 9 AM to 11 PM) (therein press 2 for CG e-Proc) or you can email them at Helpdesk eproc@cgswan.gov.in.
Tenderer may contact to Chief Engineer, CSIDC (Mob. No. +91 99264-80284) Udyog Bhawan in working hours on working days to clear their doubts if any before online submission of the tender.

**48626/3** **Chief Engineer**


# शोरूम की पार्किंग से स्कॉर्पियो चोरी

## सर्विसिंग के बाद लेने पहुंचे ग्राहक को नहीं मिली गाड़ी

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 1 अगस्त.अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित महिंद्रा के सीआई ऑटोमोटर्स शोरूम की पार्किंग से स्कॉर्पियो चोरी होने का मामला सामने आया है.पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

न्यू मिनाल रेजीडेंसी निवासी मधुसूदन शर्मा जेके रोड स्थित सीआई ऑटोमोटर्स महिंद्रा शोरूम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के पद पर कार्यरत हैं. उन्होंने पुलिस को बताया कि 25 जुलाई को वाहन मालिक अभिनय कुमार सिंह ने अपनी स्कॉर्पियो एस-11 क्लासिक (एमपी-04-जेडडी-9977) सर्विसिंग और बॉडी रिपेयर के लिए शोरूम में जमा कराई थी. 28 जुलाई को वाहन तैयार होने की सूचना वाहन मालिक को वॉट्सएप के माध्यम से दे दी गई थी.

इसके बाद 29 जुलाई की सुबह 9:47 बजे वाहन को शोरूम की पार्किंग में सुरक्षित खड़ा कर दिया गया. 31 जुलाई की शाम करीब छह बजे वाहन मालिक गाड़ी लेने शोरूम पहुंचा. उसने 30 हजार 472 रुपये का बिल जमा कर गेट पास प्राप्त किया, लेकिन पार्किंग में पहुंचने पर स्कॉर्पियो वहां नहीं मिली. वाहन चोरी होने के कारण शोरूम प्रबंधन ने वाहन मालिक द्वारा जमा की गई राशि वापस कर दी.

**खुले में मांस विक्रय करने वालों पर कार्रवाई**

# 85 प्रकरणों में 15,700 रुपए जुर्माना वसूला

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 1 अगस्त . नगर निगम ने शहर में गंदगी फैलाने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है.**

निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने खुले में मांस विक्रय करने वाले व्यवसायियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 5 प्रकरणों में 5 हजार रुपये का स्पॉट फाइन वसूला. जोन क्रमांक 17 के अमले ने वार्ड क्रमांक 77 और 78 के विभिन्न क्षेत्रों में मांस विक्रय करने वाली दुकानों का निरीक्षण किया. जांच के दौरान पांच दुकानों पर बिना ढके मांस विक्रय किया जाना पाया गया. साथ ही दुकानों में साफ-सफाई की व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं मिली,इसके अलावा निगम अमले ने शहर के अन्य क्षेत्रों में भी सफाई व्यवस्था में बाधा डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई की. जोन क्रमांक 13 में 13 प्रकरणों में 2,200 रुपये, जोन 14 में 29 प्रकरणों में 4,700 रुपये, जोन 15 में 18 प्रकरणों में 1,800 रुपये और जोन 16 में 20 प्रकरणों में 2,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया.

निगम ने कुल 85 प्रकरणों में 15,700 रुपये की राशि स्पॉट फाइन के रूप में वसूल की.


## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
(CIN-L65110TN2014PLC097792)
**रजिस्टर्ड ऑफिस :** केआरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
**फोन :** +91 44 4564 4000, **फैक्स :** +91 44 4564 4022

### वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना

निम्नलिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं. नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं. चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशा-निर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया है. आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी पर संबंधित तिथियों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा.

| क्र. सं. | लोन एकाउंट नं. | लोन का प्रकार | सेक्शन 13 (2) नोटिस तिथि | सेक्शन 13 (2) नोटिस अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 135109323 | गृह ऋण | 09-जुलाई-2026 | रु. 7,51,904.23/- |

**देनदार और सह-देनदारों का नाम :-** 1. लखनलाल राठौर 2. प्रमिला बाई

**संपत्ति का पता :** प्लॉट नंबर 41 (P) का पूरा टुकड़ा, प्लॉट एरिया 106 वर्ग मीटर, आबादी ज़मीन खसरा नंबर 54/4 (B), पीएच नंबर 22 पर है, गाँव : हरिपुरा माल, शीतला माता मंदिर के पास, चारुवा, तहसील : खिरकिया, ज़िला हरदा, पूर्व : कमलेश, पश्चिम : अजय, उत्तर : रामविलास, दक्षिण : कैलाश.

| क्र. सं. | लोन एकाउंट नं. | लोन का प्रकार | सेक्शन 13 (2) नोटिस तिथि | सेक्शन 13 (2) नोटिस अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 2. | 155064018 | संपत्ति के विरुद्ध ऋण | 22-जुलाई-2026 | रु, 12,91,913.50/- |

**देनदार और सह-देनदारों का नाम :-** 1. माखन सिंह 2. सोरम बाई

**संपत्ति का पता :** प्लॉट/घर का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल जिसका माप 80 × 66 = 5280 वर्गफीट (490.71 वर्गमीटर) है, जो हाउस नंबर 142, पीएच नं. 100 के बाहर है, गांव : पीपलखेड़ा, तहसील : बैरसिया, जिला : भोपाल, मध्य प्रदेश-462101 में है, और इसके चारों ओर हैं : पूर्व : रोड, पश्चिम : कंचन सिंह का घर, उत्तर : गोरेलाल विश्वकर्मा का घर, दक्षिण : प्रभुलाल विश्वकर्मा का घर.

आपको उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए विवरण के अनुसार आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर तथा अन्य लागत, प्रभार आदि के साथ इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के विरुद्ध एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (4) तथा धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही आरंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है). इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत बिक्री / पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है.

**एसडी /-**
**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
**(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)**

**दिनांक : 2.8.2026**
**स्थान : मध्यप्रदेश**



## सोने की नीलामी की सूचना

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड ("BFL"); पंजीकृत कार्यालय: मुंबई-पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे- 411035**

ऋणियों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित ऋणियों ने बार-बार सूचना दिए जाने के बावजूद लोन का भुगतान या आवश्यक मार्जिन जमा नहीं किया है। इस कारण, ऋणियों द्वारा लोन के विरुद्ध सुरक्षा के रूप में गिरवी रखे गए सोने की नीलामी "जैसा है, जहाँ है" के आधार पर निम्नलिखित शर्तों के अनुसार की जाएगी: 1. क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (सोने का विवरण एवं सकल वजन) की सम्पूर्ण जानकारी देखें, 2. बोलीदाताओं के लिए सभी नियम एवं शर्तें निम्न लिंक पर उपलब्ध हैं: All about our Terms and Conditions - Bajaj Finance Limited 3. सभी बोलीदाताओं को नीलामी से पूर्व ₹25,000/- की अग्रिम जमा राशि (EMD) ऑनलाइन ट्रांसफर के माध्यम से जमा करना अनिवार्य है; 4. नीलामी स्थल पर प्रातः 10 बजे वैध पहचान एवं पते के प्रमाण के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है। नीलामी की तिथि में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित किया जाएगा। बोली प्रस्तुत करना उपरोक्त नियमों एवं शर्तों की स्वीकृति माना जाएगा। अधिक जानकारी के लिए wecare@bajajfinserv.in पर संपर्क करें।

(10-09-26) **अशोक नगर - विदिशा बाइपास रोड**; POZ6GOL31213036, 32658889. **आष्टा - कन्नौद रोड**; POX6GOL34868543. **बरेली - राठी कॉलोनी**; PCA3GOL29643206, 32717182. **बैतूल - शर्मा कॉम्प्लेक्स**; PCA4GOL29489899, 29672612, 30523895, 32325939, 33869838. **भिंड - ग्वालियर रोड**; POZ5GOL32099761, 32022434, 32486615, 32892252, 33820566. **भोपाल - अशोका गार्डन**; PPC8GOL34908368. (11-09-26): **भोपाल - इमामी गेट**; PF46GOL34321246. **भोपाल - इंद्रपुरी**; PF49GOL15897350, 16992107, 18993286, 19188196, 22477419, 29878856, 31809739, 33038657, 33379890. **भोपाल - एम.पी. नगर**; PCA5GOL31425052, 33806981. **बीना - इटावा स्टेशन रोड**; PCA6GOL30820414, 31747955, 32457306. **छिंदवाड़ा - परासिया रोड**; PEQ1GOL29443810, 31011060, 32041329, 33102549. **डबरा - मेन रोड**; PKH4GOL29546042, 29492196, 35106616. **दमोह - मेन रोड**; PQD8GOL29879068, 30395748, 30789020, 32905584. **जबलपुर - दीनदयाल चौक**; PEH4GOL30822839, 31622729, 33060911, 34893591. (12-09-26): **दतिया - सीता सागर**; PMN5GOL20160009. **देवास - ए.बी. रोड**; PGG2GOL29464543, 30429509, 30773105, 32446245, 33605859, 33832612. **देवास - माँ चामुंडा टेकरी**; PQH2GOL29413181, 29885116. **धामनोद - ए.बी. रोड**; POZ3GOL32119833, 32855527. **धार - इंदौर रोड**; PQD6GOL31390008, 34535142. **गंज बासौदा - मेन रोड**; PO2WGOL32105740. **रीवा - बीजीएल**; PNR9GOL20724312, 29915701, 31222655, 31562724, 33073500, 35157321. (15-09-26): **ग्वालियर - बड़ा जीवाजी चौक**; PQT8GOL30228892. **गुना - ए.बी. रोड**; PEH2GOL17063220, 31222369, 33454484, 33605951. **ग्वालियर - सिटी सेंटर**; PCA7GOL29735041, 29726581, 29723644, 30067384, 31453860, 32125768, 32890940, 33019691, 33667449, 34092902, 34064769, 34484119. **ग्वालियर - गोले का मंदिर**; PJD1GOL22209664, 29458759, 29642412, 31807517, 32694459, 35150648. **ग्वालियर - नया बाज़ार**; PF25GOL34261133. **ग्वालियर - पिंटू पार्क**; PQV3GOL32475506, 34915551. **ग्वालियर - तानसेन रोड**; PPC9GOL32862668, 33602641, 33605769, 35092980. (16-09-26) **ग्वालियर - विनय नगर**; PEF2GOL29505821, 32118367, 34512568, 35091697. **होशंगाबाद - मीनाक्षी चौक**; PCA9GOL30807615, 32728422. **इंदौर - अन्नपूर्णा रोड**; PER2GOL34122190, 34303953. **इंदौर - बंगाली स्क्वायर**; PPD8GOL32285347, 34070169, 34078322. **इंदौर - मरीमाता स्क्वायर**; POZ2GOL35171314. **इंदौर - नंदा नगर**; PQA1GOL30057383, 32079398, 33431383, 34941318. (17-09-26) **इंदौर - विजय नगर**; PGJ9GOL16773837, 30442887, 30516721, 30484957, 33430581, 34088282. **इटारसी - सराफा बाज़ार**; PO3WGOL29917121, 31416295, 32309369, 35174314. **जबलपुर - राइट टाउन**; PGO3GOL29541985, 29628531, 29851556, 31053171, 31445572, 33599547, 34916556, 34896707. **कटनी - सुभाष चौक**; POX4GOL29620761, 31782333, 32506644, 33361627, 34008140. **खंडवा - शिवाजी चौक**; PCP1GOL29652044. **मुरैना - शिव नगर**; PJC8GOL29750828, 31600306, 31756433, 31751368, 33860798, 33887046, 33904173, 34098829, 34547696. (18-09-26): **नरसिंहपुर - बीजीएल**; PNT1GOL29535176. **पोरसा - बीजीएल**; POA4GOL32258186, 34031137. **सागर - भगवानगंज**; POZ1GOL34871500. **सागर - मकरोनिया**; PQH1GOL34472564. **सागर - परकोटा**; PLL1GOL29884422. **सनावद - इंदौर-खंडवा रोड**; PQD4GOL33071954, 33357853, 35170073. (21-09-26) **सतना - रीवा रोड**; PCP2GOL32060058, 34890023. **सीहोर - सेकड़ाखेड़ी रोड**; PCP3GOL32473786, 33088737, 34460918. **सिवनी - शक्ति नगर**; POX7GOL30240113. **शहडोल - बीजीएल**; PNT3GOL16832024, 30043810, 31275020, 31627255. **शिवपुरी - ए.बी. रोड**; PEH3GOL30828372, 31036134, 32666281, 34050379, 34081740, 34275490, 34262069. **शुजालपुर - मंडी**; PPG5GOL34293432. **उज्जैन - फ्रीगंज**; PCP4GOL30234972, 30473629, 31593062, 32492251, 33846129, 35138400.

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**